DCJ सलाह: घर-से-बाहर देखभाल स्थल में रहने वाले बच्चों और युवाओं के लिए टीकाकरण

सितंबर 2021

COVID-19 वैश्विक महामारी के दौरान घर-से-बाहर देखभाल स्थल (out-of-home care) में रहने वाले बच्चों और युवाओं का स्वास्थ्य विशेष रूप से महत्वपूर्ण क्यों है?

देखभाल स्थलों में रहने वाले बच्चों और युवाओं की शारीरिक, विकास-संबंधी, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी ज़रूरतें साधारण समाज में उनके जैसे लोगों की तुलना में अधिक होती हैं।

स्वास्थ्य की ये बढ़ी हुई ज़रूरतें घर-से-बाहर देखभाल स्थल में रहने वाले बच्चों और युवाओं को COVID-19 के प्रभावों के प्रति संवेदनशील बनाती हैं। टीका लगवा लेने से COVID-19 से गंभीर रूप से बीमार होने की संभावना कम हो जाती है तथा परिवारों और समुदायों को सुरक्षित रखने में सहायता मिलती है।

वर्तमान समय में यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि स्वास्थ्य पेशेवर, मामला कर्मचारी तथा देखभालकर्ता यह सुनिश्चित करने के लिए मिल-जुल कर काम करें कि बच्चों और युवाओं की आवश्यकताओं की पहचान हो और उनके बारे में कुछ उपाय किए जाएँ।

मैं टीका लगवाने के लिए अपोइंटमेंट कैसे बुक करूँ?

अपोइंटमेंट्स किसी सामान्य चकित्सक (GP), एबोरीजनल मेडिकल सर्विस या NSW Health टीकाकरण केन्द्र के माध्यम से बुक करवाए जा सकते हैं। NSW Health टीकाकरण केन्द्र के माध्यम से अपोइंटमेंट बुक करने के लिए, healthdirect.gov.au पर जाएँ और वैक्सीन पात्रता जाँचक पूरा करें, फिर उसके बाद बुकिंग करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएँ।

आपके स्थानीय क्षेत्र में Pfizer के टीके की उपलब्धता सीमित हो सकती है इसलिए हो सकता है कि आपको अपोइंटमेंट के लिए प्रतीक्षा करनी पड़े। प्रतिदिन और टीके उपलब्ध होते जाते हैं इसलिए उपलब्धता के बारे में मालूम करते रहें।

Therapeutic Goods Administration (TGA) ने 12 वर्ष या उससे अधिक की आयु वाले लोगों के लिए Moderna के टीके को अस्थायी रूप से स्वीकृतिदी है और यह निकट भविष्य में उपलब्ध हो सकती है। एनएसडब्ल्यू में इसके रोलआउट (प्रारंभन) के बारे में नवीनतम जानकारी के लिए NSW Health की वेबसाइट पर जाएँ।

यदि आपको और अधिक सलाह चाहिए तो आप अपने बच्चे के स्वास्थ्य या मेडिकल कंडीशनों के बारे में विचार-विमर्श के लिए उसके सामान्य चिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं।

मुझे इस प्रक्रिया में सहायता कैसे मिल सकती है?

आपके मामला कर्मचारी द्वारा पात्र बच्चों और युवाओं को टीका लगवाने में सहायता की जाएगी। यदि आप उन बच्चों या नवयुवाओं के टीकाकरण के बारे में चिंतित हैं जिनकी आप देखभाल करते हैं, तो उन बच्चों या नवयुवाओं के मामला कर्मचारी से बात करें। आपका मामला कर्मचारी बच्चे से उसके टीकाकरण के बारे में बात करने में, अपोइंटमेंट बुक करने में, यदि ज़रूरत हो तो, अपोइंटमेंट में जाने के लिए आपकी सहायता कर सकता है।

टीके के लिए स्वीकृति

यदि कोई बच्चा या नवयुवा अपने चिकित्सीय ईलाज के बारे में अपना निर्णय खुद लेने के लिए पर्याप्त रूप से परिपक्व है तो वे अपने टीकाकरण के लिए खुद स्वीकृति दे सकते हैं। अधिकाँश अवसरों पर ऐसा वर्ष की आयु वाले कर सकते हैं, लेकिन इस बारे में निर्धारण व्यक्तिगत आधार पर किया जाना चाहिए।

DCJ सलाह: घर-से-बाहर देखभाल स्थल में रहने वाले बच्चों और युवाओं के लिए टीकाकरण

सितंबर 2021

यदि आप सोचते हैं कि आपकी देखभाल में जो बच्चा है वो टीके के लिए स्वीकृति देने में सक्षम है, तो अपने सामान्य चिकित्सक से बात करें। वे यह तय करने में आपकी मदद करेंगे कि जो बच्चा आपकी देखभाल में है, उसमें टीकाकरण सहित, अपने खुद के चिकित्सीय ईलाज के लिए स्वीकृति देने की क्षमता है या नहीं।

जो बच्चे घर-से-बाहर देखभाल स्थल पर रहने वाले जो बच्चे अपने टीकाकरण के लिए खुद स्वीकृति नहीं दे सकते, उनके लिए, उनके देखभालकर्ता और अभिभावक स्वीकृति दे सकते हैं।

कृपया यह बात ध्यान में रखें कि, NSW Health की कुछ टीकाकरण सेवाओं में यह जरूरी हो सकता है कि 16 वर्ष या उससे कम आयु वालों के अपोइंटमेंट में उनके साथ कोई देखभालकर्ता या अभिभावक स्वीकृति देने के लिए आए। ऑनलाइन स्वीकृति की व्यवस्था के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। तब तक, स्वीकृति देने के मामले में सहायता के लिए देखभालकर्ता अपोइंटमेंट में जा सकते हैं। देखभालकर्ताओं और मामला कर्मचारियों के लिए आवश्यक हे कि वे स्वीकृति की क्षमता के बारे में बच्चों की ईच्छाओं का सम्मान करें।

मेरी देखभाल में जो बच्चा है उसने अगर स्वीकृति नहीं दी तो क्या होगा?

आपकी देखभाल में जो बच्चा या नवयुवा है उससे, टीके के बारे में और टीकाकरण की प्रक्रिया के दौरान क्या होगा उस बारे में बात करें। टीकाकरण के बारे में इस तरह से बात करें कि उस बच्चे या नवयुवा को टीकाकरण की प्रक्रिया समझ में आ सके। उन्हें बताएँ कि टीका एक प्रकार की दवा होती है जो लोगों को वायरस से लड़ने में सहायता करती है, और उन्हें वायरस के कारण बीमार होने से बचा सकती है, यदि वे वायरस के संपर्क में आ जाएँ तो। आप किसी बच्चे या नवयुवा पर टीका लगवाने के लिए दबाव नहीं डाल सकते, लेकिन अगर उनको इस बारे में कोई आशंका हो तो आप उनसे बात करके उन्हें समझाने के लिए अपनी तरफ से पूरा प्रयास कर सकते हैं।

मेरी देखभाल में जो बच्चा है अगर उसे कोई दीर्घकालीन स्वास्थ्य समस्या हो तो क्या होगा?

कानूनी कारणों से घर-से-बाहर देखभाल स्थल में रहने वाले सभी बच्चों और नवयुवाओं को स्वास्थ्य प्रबंधन कार्यक्रम (Health Management Plan) का लाभ मिलता है जिसमें इस बारे में आकलन दर्ज किए जाते हैं कि उन्हें उनकी ज़रूरतों के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएँ मिल गई हैं। COVID-19 वैश्विक महामारी के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधन कार्यक्रम का यह सुनिश्चित करने के लिए जितना हो सके उतना पालन किया जाना चाहिए कि बच्चों और नवयुवाओं की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा किया जा रहा है।

अक्षमता, दमा, हृदय संबंधी असामान्यताओं जैसी दीरघकालीन स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित या कुपोषण के शिकार तथा जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो गई है उन बच्चों और नवयुवाओं के COVID-19 से प्रभावित होने का खतरा दूसरों से ज्यादा है।

वैश्विक महामारी के दौरान विशेष स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं द्वारा किस तरह से सेवाएँ उपलब्ध करवाई जा रही है उस बारे में जानकारी आपको घर-से-बाहर देखभाल स्वास्थ्य कोर्डिनेटर या वैयक्तिक सामान्य चिकित्सकों से मिल सकती है।

मेरे घर में दूसरे बच्चे भी हैं, क्या वे पात्र हैं?

आपकीदेखभाल में रहने वाले दूसरे बच्चे या आपके घर के अन्य सदस्य भी पात्र हो सकते हैं। 13 सितंबर से, 12 वर्ष और उससे अधिक की आयु के सभी बच्चे टीका लगवाने के लिए पात्र हैं। आप, खुद को और अपने घर के लोगों को एक-साथ टीका लगवाने के बारे में सोच सकते हैं।

DCJ सलाह: घर-से-बाहर देखभाल स्थल में रहने वाले बच्चों और युवाओं के लिए टीकाकरण

सितंबर 2021

टीके के बारे में और अधिक जानकारी:

टीका लगवाने तथा टीके से संबंधित जानकारी के बारे में बात करने के लिए बच्चे के सामान्य चिकित्सक (GP) से संपर्क करें। यदि आप अपनी किन्हीं चिंताओं के बारे में विचारविमर्श करना चाहते हैं, तो कृपया अपने मामाल कर्मचारी से बात करें।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने COVID-19 को ध्यान में रखकरकार्यवाही करते हुए सामान्य चिकित्सकों के लिए आमने-सामने और टेलिहैल्थ सेवाओं के लिए, बल्क बिलिंग इन्सेंटिव *(bulk billing incentive)* को दुगना कर दिया है। इस बारे में अधिक जानकारी ऑस्ट्रेलियाई सरकार के स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इससे यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी कि बच्चों और नवयुवाओं के लिए आवश्यक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ, निःशुल्क, समय पर तथा उचित रूप से उपलब्ध हों।

उपयोगी लिंक्स

- हैल्थ वैक्सीन 'क्या यह सही है?' अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों वाला पृष्ठ
- टीके की सुरक्षात्मकता, साइड इफेक्ट्स और प्रभावात्मकता के बारे में एनएसडब्ल्यू हैल्थ द्वारा जानकारी
- एनएसडब्ल्यू हैल्थ द्वारा टीके के बारे में विभिन्न भाषाओं में जानकारी